ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (द्वितीय चरण) का आयोजन

Three days Training Programme on e-Office (Second Phase) organized

(27.11.2024 to 29.11.2024)

ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारंभ 27.11.2024 को समन्वयक, नोडल अधिकारियों और विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संस्थान के मंत्रालयिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण के साथ हुआ। संस्थान में ई-ऑफिस के कुशल और समयबद्ध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, इन तीन दिनों के दौरान संस्थान के मंत्रालयिक कर्मचारियों, तकनीकी सेवा के अधिकारियों/कर्मचारियों, वैज्ञानिकों/अधिकारियों एवं संस्थान के उपग्रह केन्द्र भा.वा.अ.शि.प.-कौशल विकास केन्द्र, छिन्दवाड़ा के अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु इंटरैक्टिव प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गये। डॉ. फातिमा शिरीन, समन्वयक, ई-ऑफिस कार्यान्वयन समिति द्वारा ई-ऑफिस के शासकीय कार्यों में उपयोग के महत्व पर जोर दिया और एक ही मंच पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के समस्त संस्थानों में पेपर लेस ऑफिस को लागू करने के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की प्रमुख पहल का वर्णन किया गया।

प्रशिक्षण का आयोजन ई-ऑफिस टीम समन्वयक डॉ. फातिमा शिरीन के मार्गदर्शन में आईटी सेल द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर संस्थान के मंत्रालयिक कर्मचारियों, द्वितीय दिवस पर तकनीकी सेवा के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं संस्थान के उपग्रह केन्द्र भा.वा.अ.शि.प.-कौशल विकास केन्द्र, छिन्दवाड़ा के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा तृतीय दिवस संस्थान के वैज्ञानिकों/अधिकारियों को श्री वी. सौंदारा राजन, प्रभारी (आईटी) और नोडल अधिकारी, ई-ऑफिस द्वारा ई-ऑफिस के विभिन्न पहलुओं पर पावर प्वाइंट के माध्यम से एक व्याख्यान दिया गया। जिसमें ई-रसीद निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक/भौतिक फाइलें बनाना, पीला/हरा नोट बनाना, फाइल प्रोसेसिंग जैसे सभी विषयों को समाहित किया गया। जिसके बाद डॉ. राजेश कुमार मिश्रा एवं श्री. वी. सौंदर राजन द्वारा इंटरैक्टिव व्यावहारिक सत्र के दौरान ई-

ऑफिस के विभिन्न मॉड्यूल पर इंटरैक्टिव प्रशिक्षण सत्र में शासकीय/एनआईसी ईमेल के उपयोग सहित आवश्यक ई-ऑफिस संचालन के विषय पर विस्तार से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

The second phase of the three-day training programme on e-office commenced on 27.11.2024 with the training of ministerial staff of the Institute in the presence of Coordinator, Nodal Officers and Heads of Departments. To ensure efficient and timely implementation of e-office in the Institute, interactive training sessions were organized during these three days for ministerial staff, officers/staff of Technical Services, scientists/officers and officers/staff of the Institute's satellite centre ICFRE-Skill Development Centre, Chhindwara. Dr. Fatima Shirin, Coordinator, e-Office Implementation Committee emphasized the importance of using e-Office in government work and described the major initiatives of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change to implement paperless office in all the institutes of Indian Council of Forestry Research and Education on a single platform.

The training is being organized by IT Cell under the guidance of e-Office Team Coordinator Dr. Fatima Shirin. On the first day of the training, ministerial employees of the Institute, on the second day, officers/employees of Technical Services and officers/employees of the Institute's satellite centre ICFRE-Skill Development Centre, Chhindwara and on the third day, scientists/officers of the Institute were given a lecture through power point on various aspects of e-Office by Shri V. Soundara Rajan, Incharge (IT) and Nodal Officer, e-Office. In which all the topics like e-receipt generation, creation of electronic/physical files, generation of yellow/green notes, file processing were covered. After that, Dr. Rajesh Kumar Mishra and Shri V. Soundar Rajan gave detailed practical training on essential e-office operations including use of Government/NIC email during the interactive practical session on various modules of e-office.

Glimpses of Training

Day 1

Day 2 (Forenoon Session)

Day 2 (Afternoon Session): For ICFRE-SDC, Chhindwara



Day 3

Dr. Fatima Shirin
Sci-G, GTI Division

TRAINING ON E-OFFICE
(27 – 29.11.2024)
eOffice
A DIGITAL WORKPLACE SOLUTION
Day 3: Scientists & Officers
Organized by
IT Cell, ICFRE-TFRI, Jabalpur